# कार्यालय प्राचार्य राजकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय

## जिला–चित्तौड़गढ़ (राज.)

## National Service Scheme (NSS)

**S. No. – GGC.COR/NSS/2024/47** **Date – 30/ 04 /2024**

**श्रीमान् समन्वयक महोदय,**
**युवा कौशल एवं विकास प्रकोष्ठ,**
**आयुक्तालय, कॉलेज शिक्षा,**
**राजस्थान, जयपुर।**

विषय – राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय शिविर सत्र 2023–24 का साप्ताहिक प्रतिवेदन।

महोदय जी,

निवेदन है कि महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय शिविर (दिनांक 14/12/2023 से 20/12/2023 तक) सत्र 2023–24 का प्रति दिवसानुसार साप्ताहिक प्रतिवेदन निम्नानुसार श्रीमान् की सेवा में प्रेषित है –

- **प्रथम दिवस –** दिनांक 14/12/2023 को राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन हुआ शिविर के अध्यक्ष डॉ. गौतम कुमार कूकड़ा मुख्य अतिथि डॉ. एल.एल. शर्मा रहे। स्वयंसेविका संगीता चौहान, खुशी खोईवाल एवं कृति सेन ने सरस्वती वंदना का गायन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम के अन्तर्गत प्राचार्य डॉ. गौतम कुमार कुकड़ा ने अपने अध्यक्ष या उद्बोधन के अंतर्गत स्वयं सेविकाओं को साथ दिवसीय विशेष शिविर का उद्देश्य बताते हुए कार्यक्रम का उद्घाटन किया स्वयंसेविका भावना सरगरा की टीम ने लक्ष्य गीत के माध्यम से छात्रों में ऊर्जा का संचार किया। मुख्य अतिथि प्रो. मूंदड़ा ने कार्यक्रम के अनुभवों को साझा करते हुए इस शिविर में अपनी पूर्ण निष्ठा के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। पूर्व कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सी. एल. महावर ने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं के कार्यकाल की उपलब्धियां को बताते हुए सेवा को अपने आचरण में लाने के लिए प्रेरित किया वरिष्ठ का संकाय सदस्य डॉ. ममता शर्मा ने सात दिवसीय शिविर में छात्रों को अपने व्यक्तित्व में निखार लाने के लिए सभी गतिविधियों में बढ़ चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। प्रथम दिवस पर विशेष शिविर के साप्ताहिक कार्यक्रमो की प्रति दिवस की रूपरेखा प्रस्तुत की गई।



**स्वयंसेविकाओं को बताया विशेष शिविर का उद्देश्**

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**चित्तौड़गढ़.** राजकीय कन्या महाविद्यालय चित्तौड़गढ़ मे गुरुवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन हुआ। शिविर के अध्यक्ष प्राचार्य डॉ. गौतम कुमार कूकड़ा, मुख्य अतिथि डॉ. मुरलीधर मूंदड़ा, विशिष्ट अतिथि डॉ. एलएल शर्मा रहे। संगीता चौहान ख़ुशी खोईवाल एवं कृति सेन ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की । स्वयंसेविकाओं द्वारा तिलक लगाकर , प्राचार्य एवं संकाय सदस्यो द्वारा बुके देकर मंचासीन अतिथियो का स्वागत किया गया। स्वयंसेविका संगीता चौहान ने स्वागत गीत के माध्यम से सभी का स्वागत किया। प्राचार्य डॉ. कूकड़ा ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन के अंतर्गत स्वयंसेविकाओं को सात दिवसीय विशेष शिविर का उद्देश्य बताते हुए कार्यक्रम का उद्घाटन किया। स्वयंसेविका भावना सरगरा की टीम ने एनएसएस लक्ष्य गीत के माध्यम से छात्राओं में ऊर्जा का संचार किया। मुख्य अतिथि प्रो. मूंदड़ा ने कार्यकाल के अनुभवों को साझा करते हुए छात्राओं को इस शिविर में अपनी पूर्ण निष्ठा के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। स्वयंसेविका अंजलि ने केसरिया बालमा गीत पर अपना मनोरम नृत्य प्रस्तुत किया। स्वयंसेविका किरण गर्ग ने दराह पे चल बंदेया गीत पर अपना नृत्य प्रस्तुत किया । पूर्व कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सी. एल. महावर ने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं के कार्यकाल की उपलब्धियों को बताते हुए सेवा को अपने आचरण में लाने के लिए प्रेरित किया । वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ. ममता शर्मा ने सात दिवसीय शिविर में छात्राओ को अपने व्यक्तित्व में निखार लाने के लिए सभी गतिविधियो में चढ़कर भाग लेने के लिए किया । कार्यक्रम अधिकारी सिखवाल ने विशेष शिविर की योजना को प्रस्तुत किया । के अंतर्गत डॉ. शशि लोकेश जसोरिया , ज्योति रेखा मेहता, जयश्री कुदाल, गुप्ता, शंकर मीणा, श्याम पारीक इत्यादि संकाय सदस्य प्रभु लाल गुर्जर, शांति मेघवाल,जसोदा बाई, नानाल अमित, आकाश, जगदीश, इत्यादि कर्मचारी उपस्थित रहे संचालन स्वयं सेविका दुर्गेश ने किया ।






➢ **द्वितीय दिवस –** दिनांक 15/12/2023 द्वितीय दिवस में डॉ. गौतम कुमार कूकड़ा के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के दूसरे दिन की शुरुआत प्रार्थना एवं लक्ष्य गीत के साथ हुई इसके बाद स्वयं सेविकाओं द्वारा योगाभ्यास किया गया। डॉ. ममता शर्मा ने अध्यक्षीय उद्बोधन के साथ मुख्य वक्ता नेचुरोपैथी विशेषज्ञ मंजू लढ़ा एवं संपत राम लड़ा का स्वागत किया। स्वयं सेविका दुर्गेश मीणा ने चिड़कली गीत प्रस्तुत किया। मुख्य वक्ता मंजुला लढ़ा ने नेचुरोपैथी से संबंधित व्याख्यान प्रस्तुत कर छात्रों को लाभान्वित किया। संपत राम लढ़ा ने स्वास्थ्य संबंधी अनेक जानकारियां देते हुए अपनी दिनचर्या को सुधारने का सुझाव दिया स्वयंसेविका का संगीता चौहान ने छोटी सी उम्र में परणाई बाबोसा गीत प्रस्तुत कर सभी को भाव विभोर किया। स्वयं सेविकाओं द्वारा महाविद्यालय परिसर में स्थित वनस्पति उद्यान की साफ सफाई की गई। स्वयं सेविकाओं ने गार्डन में पेड़ों की कटाई छटाई व खरपतवार हटाना, सूखी हुई डालियो एवं पत्तियों को एकत्रित करना प्लास्टिक कचरे को हटाना इत्यादि कार्य किए गए साथ ही स्वयं सेविकाओं का माय भारत पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन भी करवाया गया। महाविद्यालय परिवार की ओर से अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए स्वयं सेविका आरती शर्मा द्वारा धन्यवाद व्यापित किया गया। मंच संचालन स्वयंसेविका दुर्गेश मीणा एवं दीक्षा कुमावत ने किया।


दैनिक भास्कर
चित्तौड़गढ़
नेचुरोपैथी व्याख्यान: अपनी दिनचर्या को सुधारने का दिया सुझाव, श्रमदान किया







➢ **तृतीय दिवस –** दिनांक 16/12/2023 को प्राचार्य डॉ. गौतम कुमार कूकड़ा के निर्देशन में जारी राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के तीसरे दिन प्रथम सत्र की शुरुआत प्रार्थना एवं लक्ष्य गीत के साथ हुई। इसके पश्चात आयुर्वेद विभाग के सौजन्य से डॉक्टर लव कुश पाराशर एवं पुरुषोत्तम कुमार सोनी के निर्देशन में स्वयं सेविकाओं ने योग अभ्यास किया। डॉ. पाराशर ने विभिन्न प्रकार के आसन प्राणायाम ध्यान मुद्रा आदि के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए योग के इतिहास एवं महत्व से अवगत करवाया। पूर्व कार्यवाहक प्राचार्य डॉ ममता शर्मा ने अध्यक्ष उद्बोधन के साथ स्वयं सेविकाओं को शिविर में पूर्ण निष्ठा के साथ कार्य करने हेतु प्रेरित करते हुए सत्र के मुख्य वक्ता अधिवक्ता भारतीय गहलोत एवं अधिवक्ता संदीप सेठिया, चौतन्य जैन, मोनिका परिहार, लक्ष्मी पालीवाल का उपरना पहना कर स्वागत किया। श्रीमती गहलोत ने महिलाओं से संबंधित कानून एवं अधिकारों की विशेष जानकारी प्रदान की। अधिवक्ता सेठिया ने इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी के सदुपयोग एवं दुरुपयोग से संबंधित जानकारी प्रदान करते हुए कहा **वह जीवन भी क्या जीवन है जो देश के काम ना आ सका** शीर्षक गीत प्रस्तुत कर छात्रों का

मनोबल बढ़ाया। इसके पश्चात अधिवक्ता चौतन्य जैन ने महिला अधिकार एवं कानून से संबंधित प्रश्नोत्तरी का आयोजन करवाया। अधिवक्ता मोनिका परिहार ने स्थानीय महाविद्यालय में अपने छात्र जीवन की यादों को ताजा करते हुए शिक्षकों के पति प्रति आभार व्यक्त किया। पूर्व कार्यक्रम अधिकारी एवं वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ. सी.एल. महावर ने छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए अपने प्रेरणादाई उद्बोधन से लाभान्वित किया। स्वयं सेविका भावना सरगरा ने **खुदा का यह वादा है तू मेहनत का फल पाएगा** गीत प्रस्तुत कर छात्रों को प्रोत्साहित किया। द्वितीय सत्र के अंतर्गत स्वयं सेविकाओं द्वारा साइंस विंग की सफाई की गई। इसके पश्चात स्वयं सेविकाओं ने सतोलिया रस्सी कूद अंताक्षरी इत्यादि खेलों का आनंद उठाया स्वयं सेविकाओं द्वारा नवनिर्मित हॉल में सुंदर रंगोली बनाई गयी।



प्रादेशिक समाचार 3

जयपुर, रविवार, 17 दिसम्बर 2023

## राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के तीसरे दिन स्वयं सेविकाओं ने सीखे योग क्रियाएं

न्यूज ज्योति

चित्तौड़गढ़। राजकीय कन्या महाविद्यालय चित्तौड़गढ़ में प्राचार्य डॉ. गौतम कुमार कूकड़ा के निर्देशन में जारी राष्ट्रीय सेवा योजना के तीसरे दिन के प्रथम सत्र की शुरुआत प्रार्थना एवं लक्ष्य गीत के साथ हुई। इसके पश्चात आयुर्वेद विभाग के सौजन्य से डॉ. लव कुश पाराशर एवं पुरुषोत्तम कुमार सोनी के निर्देशन में स्वयं सेविकाओं ने योगाभ्यास किया। डॉ. पाराशर ने विभिन्न प्रकार के आसन, प्राणायाम, ध्यान, मुद्रा आदि के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए योग के इतिहास एवं महत्व से अवगत कराया। कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. ममता शर्मा ने अध्यक्षीय उद्बोधन के साथ स्वयं सेविकाओं को शिविर में पूर्ण निष्ठा के साथ कार्य करने हेतु प्रेरित करते हुए सत्र के मुख्य वक्ता अधिवक्ता भारती गहलोत एवं अधिवक्ता संदीप सेठिया, चैतन्या जैन, मोनिका परिहार, लक्ष्मी पालीवाल का उपरणा पहनाकर स्वागत किया गया। श्रीमती गहलोत ने महिलाओं से संबंधित कानून एवं अधिकारों की विस्तृत जानकारी प्रदान की। अधिवक्ता सेठिया ने इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी के सदुपयोग एवं दुरुपयोग से संबंधित जानकारी प्रदान करते हुए 'वह जीवन भी क्या जीवन है जो काम देश के आ ना सका' शीर्षक गीत प्रस्तुत कर छात्राओं का मनोबल बढ़ाया। इसके पश्चात अधिवक्ता चैतन्या जैन के द्वारा महिला अधिकार एवं कानून से संबंधित प्रश्नोतरी का आयोजन किया गया।

अधिवक्ता मोनिका परिहार ने स्थानीय महाविद्यालय में अपने छात्र जीवन की यादों को ताज़ा करते हुए सभी शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया। पूर्व कार्यक्रम अधिकारी एवं वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ. सी. एल. महावर ने छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए अपने प्रेरणादायी उद्बोधन से लाभान्वित किया। स्वयंसेविका भावना सरगरा ने 'खुदा का ये वादा है तू मेहनत का फल पाएगा' गीत प्रस्तुत कर छात्राओं को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती वर्षा सिखवाल ने बताया कि द्वितीय सत्र के अंतर्गत स्वयं सेविकाओं द्वारा साइंस विंग की छत, छज्जों एवं नालों की सफ़ाई की गई। इसके पश्चात स्वयं सेविकाओं ने सतोलिया, रस्सीकूद, अंत्याक्षरी इत्यादि खेलों का आनंद उठाया। स्वयं सेविकाओं द्वारा नवनिर्मित हॉल में सुंदर रंगोली का निर्माण भी किया गया। स्वयंसेविका सोफिया मंसूरी द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत सहायक आचार्य डॉ. ज्योति कुमारी एवं सह शैक्षणिक स्टाफ के प्रभु गुर्जर, शांतिलाल, जगदीश, नाना लाल, आकाश, अमित, गोपाल इत्यादि का सहयोग रहा। मंच संचालन स्वयंसेविका सना बानू ने किया।





## कन्या कॉलेज में स्वयं सेविकाओं ने सीखा योग

भास्कर संवाददाता | चित्तौड़गढ़

राजकीय कन्या महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. गौतम कुमार कूकड़ा के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना के तीसरे दिन स्वयं सेविकाओं ने योग क्रियाएं सीखी। प्रथम सत्र की शुरुआत प्रार्थना एवं लक्ष्य गीत के साथ हुई। आयुर्वेद विभाग के डा. लवकुश पाराशर एवं पुरुषोत्तमकुमार सोनी के निर्देशन में स्वयं सेविकाओं ने योगाभ्यास किया। डॉ. पाराशर ने विभिन्न प्रकार के आसन, प्राणायाम, ध्यान, मुद्रा आदि की जानकारी देते हुए योग के इतिहास एवं महत्व से अवगत कराया। कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. ममता शर्मा ने अध्यक्षीय उद्बोधन के साथ स्वयं सेविकाओं को शिविर में पूर्ण निष्ठा के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। मुख्य वक्ता अधिवक्ता भारती गहलोत एवं अधिवक्ता संदीप सेठिया, चैतन्या जैन, मोनिका परिहार, लक्ष्मी पालीवाल का स्वागत किया गया। श्रीमती गहलोत ने महिलाओं से संबंधित क़ानून एवं अधिकारों की जानकारी दी। अधिवक्ता सेठिया ने इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी के सदुपयोग एवं दुरुपयोग से संबंधित जानकारी प्रदान करते हुए 'वह जीवन भी क्या जीवन है जो काम देश के आ ना सका' शीर्षक गीत प्रस्तुत कर छात्राओं का मनोबल बढ़ाया। अधिवक्ता चैतन्या जैन ने महिला अधिकार एवं क़ानून से संबंधित प्रश्नोतरी की। अधिवक्ता मोनिका परिहार ने स्थानीय महाविद्यालय में अपने छात्र जीवन की यादों को ताजा किया। पूर्व कार्यक्रम अधिकारी एवं वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ. सी. एल. महावर ने प्रेरणादायी उद्बोधन दिया। स्वयंसेविका भावना सरगरा ने 'खुदा का ये वादा है तू मेहनत का फल पाएगा' गीत प्रस्तुत कर छात्राओं को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम अधिकारी वर्षा सिखवाल ने बताया कि द्वितीय सत्र में स्वयं सेविकाओं ने साइंस विंग की छत, छज्जों एवं नालों की सफाई की। इसके पश्चात स्वयं सेविकाओं ने सतोलिया, रस्सी कूद, अंत्याक्षरी इत्यादि खेल खेले। स्वयं सेविकाओं ने नवनिर्मित हॉल में रंगोली बनाई। स्वयंसेविका सोफिया मंसूरी ने आभार जताया। सहायक आचार्य डॉ. ज्योति कुमारी एवं सह शैक्षणिक स्टाफ के प्रभु गुर्जर, शांतिलाल, जगदीश, नानालाल, आकाश, अमित, गोपाल इत्यादि का सहयोग रहा। मंच संचालन स्वयंसेविका सना बानू ने किया।

चित्तौड़गढ़ कन्या कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में योग क्रियाएं सीखते हुए छात्राएं

- **चतुर्थ दिवस** – दिनांक 17/12/2023 को राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के चौथे दिन छात्राओं ने योग अभ्यास किया। प्राचार्य डॉ. कूकड़ा की अध्यक्षता में राष्ट्रीय सेवा योजना के इस विशेष शिविर में डॉ. लवकुश पाराशर एवं पुरुषोत्तम सोनी ने प्राणायाम का अभ्यास करवाया। मुख्य वक्ता जय श्री कुदाल ने रैकी के जरिए विभिन्न रोगों को ठीक करने के बारे में जानकारी दी। म.प्र. पी.जी. महाविद्यालय के एनएसएस अधिकारी नरेंद्र गुप्ता ने राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत संचालित विभिन्न प्रकार के शिविरों के बारे में जानकारी दी उन्होंने खेल के माध्यम से अत्यंत रोचक तरीके से टीम भावना का विकास करते हुए विभिन्न प्रकार की तालिया से परिचित कराया। स्वयंसेविका भावना सरगरा ने गीत प्रस्तुत किया। स्वयंसेविकाओं ने आर्ट विंग, बास्केटबॉल ग्राउंड एवं महाविद्यालय परिसर में स्थित उद्यान की सफाई की। इसके पश्चात स्वयंसेविकाओं ने चेयर रेस का आनंद लिया। प्राचार्य ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किया।





गर्ल्स कॉलेज में रासेयो शिविर • स्वयंसेवकों ने प्रतियोगिताओं में भाग लिया, विजेताओं का सम्मान किया

# महिला रोगों के उपचार का तरीका समझा, किया योगाभ्यास

चित्तौड़गढ़। गर्ल्स कॉलेज में रासेयो शिविर में प्रतिभागी को सम्मानित करते अतिथि एवं प्रतियोगिता में भाग लेते प्रतिभागी।



# शिविर में छात्राओं ने किया योगाभ्यास

**चित्तौड़गढ़.** कन्या महाविद्यालय में आयोजित एनएसएस शिविर में योगाभ्यास करती छात्राएं।

## कन्या महाविद्यालय में आयोजित हो रहा है शिविर

**चित्तौड़गढ़.** शहर के राजकीय कन्या महाविद्यालय में आयोजित हो रहे राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के चौथे दिन छात्राओं ने योगाभ्यास किया।

प्राचार्य गौतम कुमार कूकड़ा की अध्यक्षता में राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर में डॉ. लव कुश पाराशर एवं पुरुषोत्तम सोनी ने प्राणायाम का अभ्यास करवाया। मुख्य वक्ता जयश्री कुदाल ने रैकी के जरिए विभिन्न रोगों को ठीक करने के बारे में जानकारी दी। पी जी महाविद्यालय के एनएसएस अधिकारी नरेंद्र गुप्ता ने राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत संचालित विभिन्न प्रकार के शिविरों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने खेल के माध्यम से अत्यंत रोचक तरीके से टीम भावना का विकास करते हुए विभिन्न प्रकार की तालियों से परिचित करवाया। स्वयंसेविका भावना सरगरा ने गीत प्रस्तुत किया। राष्ट्रीय सेवा योजना की कायक्रम अधिकारी वर्षा सिखवाल ने बताया कि स्वयं सेविकाओं ने आर्टस विंग, बास्केटबॉल ग्राउंड एवं महाविद्यालय परिसर में स्थित उद्यान की सफाई की गई। इसके बाद स्वयं सेविकाओं ने चेयर रेस का आनंद लिया। प्राचार्य ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए।



- **पंचम दिवस** – दिनांक 18 / 12 / 2023 को कार्यक्रम के अध्यक्ष एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ गौतम कुमार कूकड़ा के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर की पांचवें दिन के प्रथम सत्र की शुरुआत प्रार्थना एवं लक्ष्य गीत के साथ हुई। स्वयं सेविकाओं द्वारा गोद ली गई कच्ची बस्ती गांधीनगर में विभिन्न सामाजिक समस्याओं से संबंधित नारे **"रोगों की एक दवाई घर में रखो साफ सफाई, हम बेटियों का यही है नारा शिक्षा का अधिकार हमारा, बेटियों को अधिकार दो बेटे जैसा प्यार दो"** लगाते हुए रैली निकाली गयी। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता नगर परिषद चित्तौड़गढ़ के जिला परियोजना अधिकारी कमल किशोर मोड़ ने सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वयं सहायता समूह, इंदिरा रसोई योजना, रेनबसेरा, स्वच्छ भारत आदि की जानकारी दी। स्वयं सेविका दुर्गेश मीणा ने प्राचार्य के सकारात्मक दृष्टिकोण अद्भुत कार्य क्षमता एवं रोचक कार्यशैली के बारे में बताते हुए गुरुजनों के महत्व पर कविता की प्रस्तुति की। स्वयंसेविका भावना सरगरा ने **तुमसे है उजालों का कारवां** गीत प्रस्तुत किया। स्वयंसेविका संगीता चौहान ने **गुरुदेव मेरी नैया उसे पार लगा देना** गीत प्रस्तुत किया। आफरीन मंसूरी ने प्रेरणादाई पंक्तियां के माध्यम से सभी का मनोबल बढ़ाया। द्वितीय सत्र में होम साइंस विंग की सफाई करते हुए अमृत वाटिका में खरपतवार को हटाया गया। स्वयं सेविका आंचल जाट ने धन्यवाद ज्ञापित किया। मंच संचालन स्वयं सेविका मनीषा बुनकर एवं नीति पारीक ने किया।






➢ **सप्तम दिवस** – दिनांक 20/12/2023 बुधवार को प्राचार्य गौतम कुमार कूकड़ा के निर्देशन में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के समापन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि पुलिस उप अधीक्षक चित्तौड़गढ़ कर्ण सिंह विशिष्ट अतिथि डॉ. लवकुश पाराशर एवं श्रीमती उषा जी रहे। समापन समारोह का शुभारंभ संस्कृत के सहायक आचार्य श्याम सुंदर पारीक के द्वारा मन्त्रोचार के साथ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। स्वयं सेविका भावना सरगरा एवं उसकी टीम द्वारा लक्ष्य गीत प्रस्तुत कर सभी स्वयंसेविकाओं में ऊर्जा का संचार किया गया। कार्यक्रम अधिकारी वर्षा सिखवाल ने 7 दिवसीय विशेष शिविर का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए सभी उपस्थित अतिथियों का आभार व्यक्त किया। पुलिस उप अधीक्षक महोदय ने राष्ट्रीय सेवा योजना के ध्येय वाक्य का अर्थ समझाते हुए स्वयं के छात्र जीवन से संबंधित अनुभवों को स्वयं सेविकाओं के साथ साझा किया। उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत किए जाने वाले विभिन्न कार्यों जैसे ब्लड डोनेशन कैंप, नुक्कड़ नाटक, सेल्फ डिफेंस ट्रेनिंग, क्रेडिट सिस्टम डोनेशन, साइबर क्राइम अवेयरनेस प्रोग्राम, गुड टच बैड टच ट्रेनिंग की जानकारी प्रदान की। डॉ. पाराशर ने योग का महत्व बताते हुए इससे जुड़ने का आह्वान किया। वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ. सी. एल. महावर ने एनएसएस के उद्देश्य एवं स्वयं सेविकाओं के कर्तव्य से अवगत कराते हुए गत वर्षो की उपलब्धियां का विवरण भी प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ कूकड़ा ने कार्यक्रम के सफल आयोजन की बधाई देते हुए सभी संकाय सदस्यों, पत्रकारों, पुलिस विभाग, आयुर्वेद विभाग, सहायक शैक्षणिक कर्मचारी एवं विशेष शिविर के अंतर्गत योगदान देने वाले सभी विभागों एवं संस्थाओं के प्रति आभार व्यक्त किया।









प्रादेशिक समाचार 3

जयपुर, गुरुवार, 21 दिसम्बर 2023

## कन्या महाविद्यालय में एनएसएस शिविर का समापन

### प्रस्तुत किया सोशियल मीडिया के दुष्प्रभावों पर नाटक

न्यूज ज्योति/नरेश सोनी

चित्तौड़गढ़। बुधवार को राजकीय कन्या महाविद्यालय चित्तौड़गढ़ में प्राचार्य डॉ. गौतम कुमार कूकड़ा के निर्देशन में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के समापन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि पुलिस उप अधीक्षक चित्तौड़गढ़ करण सिंह, विशिष्ट अतिथि डॉ. लवकुश पाराशर एवं श्रीमती उषा जी रहे। समापन समारोह का शुभारंभ संस्कृत के सहायक आचार्य श्याम सुंदर पारीक के द्वारा मंत्रोच्चार एवं मंचासीन अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। स्वयंसेविका भावना सरगरा एवं उसकी टीम के द्वारा एन एस एस लक्ष्य गीत प्रस्तुत कर सभी स्वयं सेविकाओं में सकारात्मक ऊर्जा का संचार किया गया। कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती वर्षा सिखवाल ने सात दिवसीय विशेष शिविर का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए सभी उपस्थित अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। पुलिस उप अधीक्षक महोदय ने राष्ट्रीय सेवा योजना के ध्येय वाक्य [illegible] का अर्थ समझाते हुए स्वयं के छात्र जीवन के एनएसएस से संबंधित अनुभवों को स्वयं सेविकाओं के साथ साझा किया। उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत किए जाने वाले विभिन्न कार्यों जैसे ब्लड डोनेशन कैंप, नुक्कड़ नाटक, सेल्फ डिफेंस ट्रेनिंग, क्रेडिट सिस्टम, डोनेशन, साइबर क्राइम अवेयरनेस प्रोग्राम, गुड टच बेड टच ट्रेनिंग की जानकारी प्रदान की। डॉ. पाराशर ने योग का महत्व बताते हुए इससे जुड़ने का आह्वान किया। पूर्व कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सी. एल. महावर ने एन.एस.एस. के उद्देश्य एवं स्वयं सेवक के कर्तव्य से अवगत कराते हुए गत वर्षों की उपलब्धियों का विवरण भी प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ. कूकड़ा ने कार्यक्रम के सफल आयोजन की बधाई देते हुए सभी संकाय सदस्यों, पत्रकारों, पुलिस विभाग, आयुर्वेद विभाग, सहशैक्षिक कर्मचारियों एवं विशेष शिविर के अंतर्गत योगदान देने वाले सभी विभागों व संस्थाओं के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। स्वयंसेविका आरती शर्मा एवं मनीषा बुनकर ने 'देश रंगीला' गीत पर अपने नृत्य की प्रस्तुति देकर समां बाँध दिया। स्वयंसेविका आँचल जाट की टीम ने 'सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव' से संबंधित नाटक प्रस्तुत कर सभी को सचेत किया। स्वयंसेविका संगीता चौहान ने 'ज़िंदगी एक सफ़र है सुहाना' स्वयंसेविका दुर्गेश मीना ने 'कल हो न हो' गीत प्रस्तुत किया। स्वयं सेविका आफरीन मंसूरी ने विशेष शिविर से संबंधित अपने अनुभव सभी के साथ साझा किए। इसके पश्चात स्वयं सेविकाओं को पारितोषिक वितरित किए गए। बेस्ट एंकर अवार्ड दुर्गेश मीना, बेस्ट सिंगर व डांसर अवार्ड संगीता चौहान, बेस्ट लीडर अवार्ड आरती शर्मा, बेस्ट फील्ड वर्कर अवार्ड भावना सरगरा, बेस्ट हस्त कैंडिडेट अवार्ड सोफिया मंसूरी, बेस्ट डिसिप्लिन वॉलेन्टियर अवार्ड मनीषा बुनकर को दिया गया। वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ. ममता शर्मा ने स्वयं सेविकाओं को पेन, डायरी एवं चॉकलेट दे कर उनका मनोबल बढ़ाया। सभी उपस्थित अतिथियों को महाविद्यालय परिवार की ओर से प्रतीक चिन्ह प्रदान किए गए। स्वयंसेविका दुर्गेश मीना ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम के अंतर्गत संकाय सदस्य डॉ. शशि शर्मा, डॉ. लोकेश जसोरिया, रेखा मेहता, जयश्री कुदाल, रिंकी गुप्ता, शंकर मीणा अन्य सहशैक्षिक स्टाफ एवं पत्रकार बंधु उपस्थित रहे। मंच संचालन डॉ. ज्योति कुमारी ने किया।



पत्रिका

Share font-inc Image View Text

## नाटक और नृत्य के जरिए दिया जागरूकता का संदेश

किया पुरस्कृत